भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 120

(07 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा की बहाली

120. **श्री आर. गिरिराजनः**
श्री एस. कल्याणसुन्दरमः
श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्लाः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सरकार महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की इसके मूल स्वरूप में, मांग आधारित योजना के रूप में बहाली का विचार रखती है , जिसमें बिना किसी बजटीय सीमा के किसी भी आवेदक को शारीरिक श्रम वाले कार्य प्रदान किए जाते हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (ग): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है जिसमें अकुशल श्रम कार्य करने के लिए इच्छुक वयस्क सदस्यों वाले प्रत्येक परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के गारंटीशुदा मजदूरी रोजगार देकर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा में बढ़ावा दिया जाता है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि जारी करना एक सतत प्रक्रिया है और जमीनी स्तर पर काम की मांग के अनुसार योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****